Dated 09.05.2022

# पीएम-वाणी से संबंधित प्रेस नोट

**रेलटेल ने आज प्रधानमंत्री वाई-फाई एक्सेस नेटवर्क इंटरफेस (PM-WANI) योजना पर आधारित रेलटेल की पब्लिक वाई-फाई सेवाओं की एक्सेस के पॉयलट प्रोजेक्ट का 100 रेलवे स्टेशनों पर शुभारंभ किया।**
**इस जन हितैषी सेवाओं का सॉफ्ट लॉन्च श्री पुनीत चावला, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, रेलटेल द्वारा आज यहां आयोजित एक कार्यक्रम में किया गया। ।**
**बाद में, रेलटेल की पीएम -वाणी आधारित पब्लिक वाई-फाई सेवाओं की एक्सेस को जून, 2022 के अंत तक चरणवार रुप में सभी 6102 रेलवे स्टेशनों (जहां वाई-फाई सुविधा पहले से उपलब्ध है) तक विस्तारित किया जाएगा।**
**इस वाई-फाई नेटवर्क को एक्सेस करने के लिए, वर्तमान में 'Wi-DOT' नामक एंड्रॉइड मोबाइल आधारित ऐप का उपयोग किया जा सकता है जो गूगल प्ले स्टोर (Google Play Store) पर उपलब्ध है।**
**पीएम-वाणी (PM-WANI) भारत सरकार के दूरसंचार विभाग का महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है, जो सभी साइलो वाई-फाई नेटवर्क को आसानी से उपयोग करने और जनता के लिए ब्रॉडबैंड उपयोग को बढ़ाने के लिए जोड़ता है।**
**रेलटेल जो देश का सबसे व्यापक इन्टीग्रेटिड वाई-फाई नेटवर्क होने के कारण वाई-फाई उपयोगकर्ताओं के सबसे अधिक संख्या को सेवाएं देता है, संपूर्ण पीएम-वाणी इको-सिस्टम में एक एंकर की भूमिका निभा रहा है – श्री पुनीत चावला, सीएमडी, रेलटेल**

*******

एक महत्वपूर्ण उपलब्धि में, रेलटेल, रेल मंत्रालय के अधीन एक मिनी रत्न पीएसयू ने आज प्रधान मंत्री वाई-फाई एक्सेस नेटवर्क इंटरफेस (PM-WANI) योजना पर आधारित अपनी पब्लिक वाई-फाई सेवाओं की एक्सेस के **पॉयलट प्रोजेक्ट** का शुभारंभ 100 रेलवे स्टेशनों पर किया। ये स्टेशन 22 राज्यों में फैले हुए हैं और इनमें ए1, ए श्रेणी के 71 स्टेशन और अन्य श्रेणी के 29 स्टेशन शामिल हैं। इस प्रेस नोट के साथ सौ स्टेशनों की सूची संलग्न है।
इस जन हितैषी सेवाओं का सॉफ्ट लॉन्च श्री पुनीत चावला के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, रेलटेल द्वारा आज यहां आयोजित एक कार्यक्रम में किया गया। डॉ. राजकुमार उपाध्याय, कार्यपालक निदेशक एवं अध्यक्ष टेलीमैटिक्स विकास केंद्र (C -DO जॉT), ( जो भारत सरकार के दूरसंचार विभाग का एक स्वायत्त दूरसंचार अनुसंधान एवं विकास केंद्र है, इस अवसर पर भारत सरकार विशेष रूप से उपस्थित थे।

इस वाई-फाई नेटवर्क को एक्सेस करने के लिए वर्तमान में ' **Wi-DOT’** नामक

एंड्रॉइड आधारित मोबाइल ऐप का उपयोग किया जा सकता है जो गूगल प्ले स्टोर ( Google Play Store) पर उपलब्ध है। मोबाइल एप को इस लिंक से डाउनलोड किया जा सकता है।://play.google.com/store/apps/details?id=in.cdot.wani.app.android.tnt।

'**मोबाइल ऐप' के** माध्यम से वाई-फाई तक एक्सेस की यह विधि रेलवॉयर सर्विस सेट आइडेंटिफायर (SSID) चयन करने की पारंपरिक पद्धति के माध्यम से इन स्टेशनों पर वाई-फाई एक्सेस करने की मौजूदा पद्धति के अतिरिक्त होगी।

पीएम-वाणी (PMWANI) आधारित एक्सेस को वन टाइम नो योर कस्टमर (KYC) के माध्यम से उपयोग करने की सुविधा होगी जिससे हर बार वन टाइम पासवर्ड (OTP) आधारित प्रमाणीकरण की झंझट से मुक्ति मिल सकेगी।

ये मोबाइल ऐप सी-डॉट से सहयोग से विकसित किया गया है।

रेलटेल वाई-फाई नेटवर्क इस समय पूरे भारतवर्ष में 6102 रेलवे स्टेशनों पर फैला हुआ है, जिसमें 17, 792 वाई-फाई हॉटस्पॉट हैं, और इसकी संख्या में वृद्धि हो रही है। बाद में, रेलटेल की पीएम-वाणी आधारित पब्लिक वाई-फाई सेवाओं की पहुंच को चरणबद्ध तरीके से जून, 2022 के अंत तक सभी 6102 रेलवे स्टेशनों (जहां वाई-फाई सुविधा पहले से उपलब्ध है) तक बढ़ाया जाएगा (10 जून तक कुल 1000 स्टेशनों, 20 जून तक 3000 स्टेशन और 30 जून, 22 तक सभी 6102)।

वाई-फाई को, दुनिया भर में ब्रॉडबैंड एक्सेस आधारित लॉन्ग टर्म इवोल्यूशन (LTE) के पूरक के लिए अपनाया गया है।

उपयोगकर्ताओं तक ब्रॉडबैंड इंटरनेट एक्सेस पहुंचाने में लॉस्ट माइल कनेक्टिविटी में वाई-फाई हॉटस्पॉट का महत्वपूर्ण स्थान है। पीएम-वाणी (PM-WANI), भारत सरकार के दूरसंचार विभाग का एक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है, जो आम जनता के लिए उपयोग में आसानी और ब्रॉडबैंड के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए सी-डॉट(C-DOT) ने पीएम-वाणी (PM-WANI के फ्रेमवर्क को डिजाइन और विकसित किया है। छोटे दुकानदार लास्ट माइल एक्सेस सर्विस प्रोवाइडर के रूप में पब्लिक डेटा ऑफिस (PDO) बन सकते हैं और इंटरनेट और बैकएंड सेवाओं (ISP or Wi-Fi Service Provider) के लिए पीडीओ एग्रीगेटर्स (PDOA) से सेवाएं ले सकते हैं।

रेलटेल, रेलवे स्टेशनों पर वाई-फाई नेटवर्क 12 लाख से अधिक अद्वितीय उपयोगकर्ताओं / दिन (कोविड पूर्व )को सेवित कर रहा है। रेलटेल, रेलवे स्टेशनों पर पहले 30 मिनट के लिए मुफ्त वाई-फाई प्रदान करता है, जिसके बाद पेड वाई-फाई उपयोग को ऑनलाइन डिजिटल चैनलों के माध्यम से खरीदा जा सकता है।

इसके बारे में बात करते हुए, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री पुनीत चावला ने कहा, “रेलटेल देश का सबसे व्यापक इंटीग्रेटिड वाई-फाई नेटवर्क है, जो वाई-फाई उपयोगकर्ताओं के सबसे बड़ी संख्या को सेवाएं देता है और पूरे पीएम-वाणी इको-सिस्टम में निरंतर रूप से एक एंकर की भूमिका निभा रहा है। विकसित होते ढांचे

को बढ़ाने के लिए रेगूलेटरी बॉडीज़ और इंडस्ट्री प्लेयर्स के साथ सहयोग निभा रहा है। रेलटेल रेलवे स्टेशनों के अलावा कम सेवा वाले क्षेत्रों में वाई-फाई हॉटस्पॉट स्थापित करने के लिए 7000 से अधिक अंतिम मील सेवा प्रदाताओं के साथ अपनी साझेदारी का लाभ उठाकर अपने वाई-फाई सेवाओं का विस्तार करेगा। रेलटेल डिजिटल इंडिया मिशन के हिस्से के रूप में अधिक से अधिक ग्रामीण क्षेत्रों में ब्रॉडबैंड इंटरनेट कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। "।

कार्यक्रम में बोलते हुए, डॉ राज कुमार उपाध्याय, कार्यपालक निदेशक एवं अध्यक्ष, सी-डॉट ने ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों सहित भारत के विविध भूगोल की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने में स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित प्रौद्योगिकियों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने सी-डॉट और रेलटेल के बीच सहक्रियात्मक जुड़ाव पर जोर दिया जो भारतीय रेलवे सहित राष्ट्रीय नेटवर्क में स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के डिजाइन, विकास और स्थापित करने के लिए इनोवेशन को बढ़ावा देगा। PM-WANI हॉटस्पॉट देश भर के ग्रामीण और दूरदराज के रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को लागत प्रभावी इंटरनेट उपलब्ध कराने में प्रभावी साबित होंगे। उन्होंने प्रतिष्ठित पीएम-वाणी फ्रेमवर्क के शुभारंभ के लिए रेलटेल को बधाई दी और आश्वासन दिया कि सी-डॉट राष्ट्रीय विकास के अत्यधिक उद्देश्यों को पूरा करने के लिए रेलटेल की विशिष्ट आवश्यकताओं के साथ अपने स्वदेशी दूरसंचार अनुसंधान एवं विकास प्रयासों को सुगम बनाने की दिशा में अथक प्रयास करेगा। जैसा कि हमने रेलटेल के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, हम कई और क्षेत्रों में सहयोग करेंगे।

**रेलटेल के बारे में:**

रेलटेल, रेल मंत्रालय के अधीन एक "मिनी रत्न (श्रेणी- I)" केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है, जो देश के सबसे बड़े तटस्थ दूरसंचार अवसंरचना प्रदाताओं में से एक है, जिसके पास देश के कई कस्बों, शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों को कॅवर करने वाला एक अखिल भारतीय ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क है। ऑप्टिक फाइबर के 61000 से अधिक मार्गकिलोमीटर के एक मजबूत विश्वसनीय नेटवर्क के साथ, रेलटेल के पास दो इलैक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) के पैनल वाले टियर III डेटा सेंटर भी हैं। अपने अखिल भारतीय उच्च क्षमता नेटवर्क के साथ, रेलटेल विभिन्न फ्रेंटो पर एक नॉलेज सोसाइटी बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है और दूरसंचार क्षेत्र में भारत सरकार के लिए विभिन्न मिशन-मोड परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए चुना गया है। रेलटेल एमपीएलएसवीपीएन, टेलीप्रेजेंस, लीज्ड लाइन, टॉवर को-लोकेशन, डाटा सेंटर सेवाएं आदि जैसी सेवाओं का एक समूह उपलब्ध कराता है। रेलटेल देशभर के रेलवे स्टेशनों पर सार्वजनिक वाई-फाई उपलब्ध कराकर रेलवे स्टेशनों को डिजिटल हब में परिवर्तित के लिए भारतीय रेलवे के साथ भी कार्य कर रहा है और 6100 से अधिक स्टेशन रेलटेल के रेलवॉयर वाई-फाई के साथ लाइव हैं।

अधिक जानकारी के लिए,

sucharita@railtelindia.com